पंजाब केसरी 02/03/2024

साइंस क्विज में जी.एम.एन. कालेज के अक्षय और सुजल ने हासिल किया द्वितीय स्थान

साइंस क्विज में द्वितीय स्थान हासिल करने वाले अक्षय और सुजल को प्रोत्साहित करते गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 1 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्र अक्षय और सुजल ने साइंस क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

भौतिकी विभागाध्यक्ष डा. एस.के. पांडे ने बताया कि एस.ए. जैन कालेज के साइंस फोरम द्वारा वैज्ञानिका-2024 के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के अन्य सदस्यों डा. कुलदीप यादव, डा. मीनू राठी, डा. नेहा एवं डा. नियति ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।